भारत सरकार

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 3212

जिसका उत्तर 18.12.2025 को दिया जाना है

राष्ट्रीय राजमार्ग 748ए का बेलगाम-हुंगुंड-रायचूर खंड

3212. श्री जी. कुमार नायक:

क्या सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार को जानकारी है कि राष्ट्रीय राजमार्ग 748ए (राज्य राजमार्ग-20 का विस्तार) के बेलगाम-हुंगुंड-रायचूर खंड को चार लेन बनाने के दौरान राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण ने रायचूर जिले में मौजूदा राज्य राजमार्ग के ओवरलैपिंग हिस्सों के साथ सर्विस सड़क और अंडरपास नहीं दिए हैं, यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ख) क्या सरकार स्थानीय निवासियों और किसानों की सुरक्षित और निरंतर पहुँच सुनिश्चित करने के लिए गांव के महत्वपूर्ण जंक्शन जैसे हिरेलेखहल, मुदगल, कवितला और सिरावर में सर्विस सड़क और अंडरपास शामिल करने हेतु विस्तृत परियोजना रिपोर्ट को संशोधित करने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री

(श्री नितिन जयराम गडकरी)

(क) और (ख) राष्ट्रीय राजमार्ग 748ए के बेलगाम-हंगुंड-रायचूर खंड का निर्माण छह पैकेजों में किमी 0.0 से किमी 273.40 (273.4 किमी) तक किया जा रहा है। रायचूर जिले में, पैकेज 5 और 6 प्रगति पर हैं। इन पैकेजों को एक पहुंच नियंत्रित राजमार्ग के रूप में विकसित किया जा रहा है। कार्यस्थल (साइट) की स्थिति को ध्यान में रखते हुए, स्थानीय निवासियों और किसानों के लिए सुरक्षित और निरंतर पहुंच सुनिश्चित करने के लिए उपयुक्त अंडरपास और सर्विस रोड प्रदान किए गए हैं। विवरण **अनुलग्नक** में संलग्न हैं।

अनुलग्नक

"राष्ट्रीय राजमार्ग 748ए का बेलगाम-हुंगुंड-रायचूर खंड" के संबंध में श्री जी. कुमार नायक के. द्वारा पूछे गए दिनांक 18.12.2025 के लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 3212 के भाग (क) और (ख) के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक

एनएच-748ए के बेलगाम-हंगुंड-रायचूर खंड (पैकेज-5 और पैकेज-6) के चल रहे 4-लेन निर्माण कार्य में मुहैया कराई गई सर्विस रोड और अंडरपास का विवरण।

क्र. सं.	कार्य का विवरण	कुल लंबाई	मुहैया कराई गई सर्विस रोड की कुल लंबाई (किमी)	मुहैया कराई गई अंडरपास की संख्या
1	बेलगाम-हंगुंड-रायचूर (पैकेज-5)	40.2	20.48 (एलएचएस+आरएचएस)	12
2	बेलगाम-हंगुंड-रायचूर (पैकेज-6)	44.9	16.64 (एलएचएस+आरएचएस)	15

वांछित स्थानों पर मुहैया कराए गए अंडरपासों का विवरणः

क्र.सं.	डिजाइन चैनेज	संरचना का प्रकार	गाँव का नाम
1	196.50	एसवीयूपी	हिरेलेखेहल
2	208.20	वीयूपी	मुद्गल
3	212.22	वीयूपी	मुद्गल
4	248.72	वीयूपी	कविथला
5	250.40	एलवीयूपी सह एमएनबी	कविथला
6	267.20	वीयूपी	शिरवर
7	269.90	वीयूपी	शिरवर

*****